# सेवा ही संगठन

## विधान सभा क्षेत्र खड्डा कुशीनगर
## जटाशंकर त्रिपाठी विधायक खड्डा द्वारा
## किए गए COVID-19 सेवा कार्य












भारतीय जनता पार्टी, विधान सभा खड्डा-329, कुशीनगर

# विषयसूची


- हमारा संदेश 3
- प्रस्तावना 4

1. आपकी हर जरुरत में आपके साथ 5
2. भोजन एवं राशन के पैकेट का वितरण 6
3. कोविड-19 से बचाव हेतु (मास्क व सेनेटाइजर ) का वितरण 7
4. PMCARES FUND में कार्यकर्ताओं का योगदान 8
5. सेवा कार्यों में कार्यकर्ताओं का योगदान 9
6. कोरोना योद्धाओं का सम्मान 10
7. भाजपा के 40वें स्थापना दिवस के समारोह का आयोजन 11
8. प्रवासी श्रमिकों की सहायता 12
9. प्रवासी कोरोनटीन हॉटस्पॉट सेन्टर विजिट 13
10. कोरोना जागरूकता रथ का संचालन 14
11. कोविड महामारी में बाढ़ आपदा के दौरान रेता पार जनता की सेवा में उपस्थित रहा । 15
12. 74 वें स्वतंत्रता दिवस पर वर्चुअल प्रशिक्षण एवं घर-घर पर ध्वाजारोहण 16
13. कोविड 19 (लॉक डाउन) में प्रत्येक दिन वर्चुवल तकनीक से सम्बाद व समस्या का समाधान 17
14. मीडिया में हमारे द्वारा किए गए राहत कार्यों का प्रसार कार्यों के प्रति जनता की प्रतिक्रिया 18-20
15. राहत कार्यों के प्रति जनता की प्रतिक्रिया 21
16. कार्यकर्ताओं के अनुभव 22
17. सारांश 23

# हमारा संदेश

*कोविड-19 वैश्विक महामारी में संकट के कठिन दौर से गुजरते हुए सभी देशवासियों के साथ ही हमारे खड्डा विधानसभा क्षेत्र में देव तुल्य जनता ने भी साहस धैर्य और सहयोग की भावना से अपना पूर्ण योगदान प्रदान किया वैश्विक महामारी कोविड-19 की आहट पाते ही केंद्र सरकार के द्वारा जिसका नेतृत्व परम आदणीय माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किया जा रहा है जिस तत्परता के साथ जन सहयोग के माध्यम से कठिन और साहसिक निर्णय लिया गया निश्चित रूप से वह एक ऐसा दौर था जहां पर प्रत्येक क्षण परिस्थितियां बदलती रही है और संकट के समय को अपने संदेश के अनुसार आपदा को अवसर में बदलने का कार्य किया गया लोगों ने देश की जनता के साथ मिलकर पूर्ण सहयोग प्रदान किया जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं इस कार्य में हमारे खड्डा विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया हमारे द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में जन सेवा कार्य के साथ ही लोगों के बीच उनके सहयोग में खड़े रहे सेवा कार्य में भाजपा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता , समाजसेवी, युवा, महिला, बुजुर्ग के सहयोग प्राप्त हुए हमने दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, बंगलुरु से प्रवासियों की वापसी प्रवासी यात्रियों को लंच, पानी , मास्क वितरण पैदल यात्रियों को चप्पल , खाद्य सामग्री वितरण सैनिटाइजर वितरण कर सम्मान प्रदान करने के साथी ही हॉटस्पॉट क्षेत्र कोरोटाइन सेंटर में जाकर ग्रामीणों के बीच उनके सहयोग से वैश्विक महामारी से लोगों को लड़ने के लिए जागरूक किया गया सभी के द्वारा सहयोग से पीएम केयर्स फंड में सहयोग देकर माननीय प्रधानमंत्री जीके सपनों को आगे बढ़ाया और सब ने एक संदेश भी दिया हम सभी देश के साथ मिलकर खड़े हैं और इस कोविड-19 वैश्विक महामारी के साथ मिलकर लड़ रहे हैं मैं अपेक्षा करता हूं कि खड्डा विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता इस संकट काल में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी रहेगी और करोना वैश्विक महामारी को आपसी सहयोग से मात देंगे आप सभी के प्रति अपने यशस्वी जीवन काल की हार्दिक शुभकामनाएं धन्यवाद*

*जय श्री राम*



**( जटाशंकर त्रिपाठी )**
सदस्य विधान सभा,
329, खड्डा, कुशीनगर , उत्तर प्रदेश

# प्रस्तावना

*सम्पूर्ण विश्व पर एक बड़ा संकट वैश्विक महामारी कोविड-19 का कहर जिसके खिलाफ हम सब मिलकर लड़ रहे हैं...!*

*प्रिया साथियों,*

*कोविड -19 वैश्विक महामारी करोना काल में जिस प्रकार से देश एकजुट होकर के इस महामारी से लड़ने का कार्य किया है, असमंजस की स्थिति में व्यक्ति व्यक्ति ने संघर्ष किया, लोगों ने लाखों तकलीफ झेली लोग भूखे सोए, पैदल यात्राएं की, गांव के बाहर निवास किया। परंतु आप सभी ने यह देश और हमारे लोग ,हमारा परिवार सुरक्षित रहे इसके लिए हर व्यक्ति व्यक्ति ने सहयोग किया।*

*भारत और पूरी दुनिया कोविड बीमारी से लड़ रही है हमारे पुलिसकर्मी सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी, बैंक कर्मी, व्यापारी , शिक्षक और समाज का व्यक्ति व्यक्ति जिन परिस्थितियों में संकट की घड़ी में समाज और देश के हित में अपना जिस प्रकार से भी सहयोग दे सकता है वह कर रहा हैं।*

*संकट काल में अपने परिवार के लोगों की कुशलता के लिए उनकी सुरक्षित वापसी के लिए उनकी सुरक्षा के लिए उनके भोजन के लिए संज्ञान लेकर हमने सरकार और शासन के माध्यम से एक जनप्रतिनिधि के दायित्व का निर्वहन करते हुए अपने खड्डा विधानसभा क्षेत्र के प्रवासी मजदूरों का निवासियों का हर कदम पर सहयोग करने का कार्य किया है।*

*उनकी सुरक्षित वापसी हो या प्रवासी मजदूरों के सेवा कार्य रहे हो या फिर गरीब निराश्रित परिवारजनों के जीविकोपार्जन की व्यवस्था रही है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं सहयोगी साथियों के माध्यम से हमने हर कदम पर खड्डा विधानसभा क्षेत्र के जनमानस को कोविड-19 की महामारी में सहयोग प्रदान करने का कार्य किया साथ ही संगठन के भी कार्य को पूर्ण किया गया।*

*आप सभी को हृदय से नमन वंदन करता हूं और आग्रह करना चाहता हूं कि वैश्विक महामारी कोरोनावायरस को अंजाम तक पहुंचाना है आज देश के बड़े संकट में हमें सहयोग भी करना है आप सब ने पीएम केयर फंड में सहयोग किया एक दूसरे की मदद की सरकार के निर्देशों का पालन किए आप सब को हृदय से बार-बार बधाई देते हुए कोविड-19 में गए अपने प्रयास आप सब के सहयोग से संचालित कार्यक्रमों के संदर्भ में एक छोटी सी रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व आदणीय सम्मानित देवतुल्य जनता के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं जिसके माध्यम से आप सभी के द्वारा किए गए सहयोग का विवरण संकलित किया गया है।*

*आप सबका पुनः हृदय से आभार आप सब के सुरक्षित जीवन की मंगल कामना करता हूं।*


*सादर सद्भावनाओं सहित ..!*



# आपकी हर जरुरत में आपके साथ...

- *इस अभियान में भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर के अंतर्गत आने वाले खड्डा धिान सभा में सहायता केन्द्र स्थापित कराये जाने के साथ ही  प्रवासी मजदूरो व पैदल यात्रा करने वाले लोगो के लिए निःशुल्क, पानी, विस्कुट व लंच पैकेट के वितरण की व्यवस्था जन सहयोग व कार्यकताओ के सहयोग से करायी गयी।*
- *जरूरतमंद परिवार को राशन सामाग्री का वितरण किया गया।*











# भोजन एवं राशन के पैकेट का वितरण





• कोविड -19 वैश्विक महामारी काल मे अबतक जनसम्पर्क कार्यालाय खड्डा कुशीनगर से प्रत्येक दिन जनमानस की समस्याओं के समाधान हेतु सहयोगियों सहित समर्पित हूँ

• जनसंपर्क कार्यालय पर आयुष काढ़ा टी स्टाल की व्यवस्था

•विधायक जनप्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष जी द्वारा जन समस्याओं का त्वरित समाधान



# कोविड-19 से बचाव हेतु (मास्क व सेनेटाइजर) का वितरण





• खड्डा विधान सभा क्षेत्र में चेहरे के फेसकवर/मास्क खरीदकर बाटे गये।

• वितरण में भाजपा बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, सम्मानित पदाधिकारी व कार्यकताओं के द्वारा महती भूमिका निभाया गया।

• लोगो को मास्क उपयोग के लिए प्रेरित करने की एक महत्वपूर्ण पहल हमारे खड्डा विधान सभा क्षेत्र में सुनिश्चित करायी गयी।

• कोविड काल में जनसेवा कार्य करने वाले सुरक्षाकर्मी, सफाईकमी, बैंक कर्मी, डाक्टर, सम्मानित प्रबुद्वजानों को कोरोना योद्वा सम्मानपत्र व मास्क सेनेटाईजर सम्मान सहित उपलब्ध कराया गया।





# *PMCARES FUND* में कार्यकर्ताओं का योगदान










- *PM CARES FUND में पी0 एम0 केयर फंड में खड्डा विधान सभा क्षेत्र-329 कुशीनगर के द्वारा स्वयं के सहित परिवार व देवतुल्य प्रबुधजनो के माध्यम से विधायक निधि के अतरिक्त 17 लाख से अधिक धनराशि पी0 एम0 केयर फंड मे जमा किया।*
- *माननीय प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर अपने फेसबुक कम्युनिटी व लाइव संवाद के माध्यम से जुड़े लोगों के माध्यम से व जनसामान्य के मध्य से पी0एम0 केयर फण्ड में अधिक से अधिक सहयोग प्रदान किये जाने हेतु आवाहन किया गया व जिससे की इस वैश्विक आपदा के खिलाफ मजबूती से लड़ाई पूर्ण किया जा सकें।*



# सेवा कार्यों में कार्यकर्ताओं का योगदान










- *खड्डा विधान सभा मे मेरे प्रतिनिधि सहित पंचायत स्तर पर लगभग 200 कार्यकताओ ने सेवा कार्य मे अपना योगदान दिया।*

- *खड्डा विधानसभा के सभी सम्मानित बूथ अध्यक्षों तक राशन वितरण किया गया*

- *सम्मानित मंडल अध्यक्ष , सेक्टर प्रमुख, बूथ अध्यक्ष जी के द्वारा मास्क, सैनिटाइजर का वितरण कार्य सम्मानित जनमानस/ जरूरतमंदों के मध्य किया गया*



# कोरोना योद्धाओं का सम्मान









- खड्डा विधान सभा क्षेत्र-329 में कोविड काल कार्यकर्ताओं ने बूथ संपर्क कर धन्यवाद पत्रों पर हस्ताक्षर अभियान चलाया।
- सभी बैक कर्मी , पुलिसकर्मी, सफाई कर्मचारीयों सहित सम्मानित कार्यकताओं को सम्मान पत्र, सेनीटाईजर का वितरण कराया गया।
- कोरोना महामारी से संघर्ष कर रहे डॉक्टर, पैरामेडिकल कर्मी, पुलिस कर्मी, सफाई कर्मी, मीडिया आदि कोरोना योद्धाओं को सम्मान पत्र दिया गया ।
- माला पहनाकर, साल व अंगोछा ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।



# भाजपा के 40वें स्थापना दिवस के समारोह का आयोजन








- खड्डा विधान सभा क्षेत्र में प्रदेश नेतृत्व के द्वारा लॉकडाउन के कारण 40 वां स्थापना दिवस समारोह 6 अप्रैल को प्रत्येक विधान सभा में प्रत्येक बूथों पर मनाया गया
- इस अवसर पर बूथों पर वृक्षारोपण किया गया तथा जरूरतमंदो को भोजन के लगभग 500 कीट का वितरण किया गया।
- खड्डा विधान सभा क्षेत्र में मठ मंदिरो पर पुजारियों को राहत खाद्य सामाग्री का वितरण किया गया।



# प्रवासी श्रमिकों की सहायता









• खड्डा नगर पंचायत से होकर विहार जाने वाले रेलमार्ग पर कडी धुप में पैदल यात्रा करने वाले मजदूर साथियों को विधान सभा खड्डा में प्रवासी श्रमिकों की सहायता के लिए प्रमुख मार्ग एनएच-28 पर तथा हमारे जनसंपर्क कार्यालय पर पदयात्री सहायता केन्द्र बनाया गया था ।

• खड्डा नगर, कोटवा नौरंगिया, हनुमानगंज सहित कुल 10 स्थानो पर भोजन, मास्क का वितरण कराया गया।

• स्वय के साधन से निशुल्क बस सेवा विधान सभा के प्रवासियों को प्रदान किया गया।

• पदयात्रिओ व बसों तथा ट्रको से आ रहे प्रवासी मजदूरों को भोजन , पानी , फेसकवर दिया गया ।

• दुसरे प्रान्त 14- दिल्ली, सुरत , मुम्बई, राजस्थान, मध्य प्रदेश में कोविड काल में फसें मजदूर साथियों के घर पर सुरक्षित वापसी के लिए जिलाधिकारी कुशीनगर के माध्यम से प्रयास कर लोगों व उनके घर सुरक्षित वापसी कराया गया।

• इस दौरान गोरखपुर से खड्डा विधान सभा क्षेत्र में उनके अंतिम गंतव्य स्थान तक वापसी पानी, सेनेटाईजर, लंच पैकेट के साथ सुनिश्चित कराने का कार्य हमारे द्वारा किया गया।





# प्रवासी कोरोनटीन हॉटस्पॉट सेन्टर विजिट









• कोविड़-19 महामारी के बीच खड्डा विधान सभा क्षेत्र में प्रवासी लोगो के आगमन के उपरान्त उनको सरकार की व्यवस्था के अनुसार गांव के बाहर ठहरने की व्यवस्था बनाई गई थी। इसके साथ ही इनको भोजन, नाश्ता का भी सरकारी प्रबन्धन दिया जा रहा था।

•जिसके सन्दर्भ में गांव -गांव कोरोन्टीन सेन्टर पर निरीक्षण व लोगो की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सुझाव एवं निर्देश प्रदान करने के साथ ही स्वयं के द्वारा भी आवश्यक सहायता प्रदान किया गया।

•साथ ही सुरक्षा, सफाई, दवाई, छिडकाव, मास्क आदि भी प्राथमिकता से लोगो को मिल सके इसका प्रबन्धन कार्य किया गया शतप्रतिशत लाकडाउन की व्यवस्था बनाई जा सके इसके लिए  व्यापारी, संगठन, समाज के बीच जन जागरूकता के कार्य भी विभिन्न माध्यमों से मीडिया द्वारा चलाया गया।



# कोरोना जागरूकता रथ का संचालन







- सामाजिक दृष्टिकोण से जरूरत के हर बिन्दुओं को स्पर्श करने का कार्य किया है। आपदा में अवसर की बात को साबित किया है। जिसके सकारत्मक प्रतिफल भी सामने आयें हैं।
- कोविड-19 जागरूकता वैन कम मोबाईल क्लीनिक का संचालन विकास खण्ड खड्डा व नौरंगिया में संचालित कराये जाने हेतु समर्पित किया गया।
- जिसके माध्यम से गांव-गांव भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से छिडकाव, टेम्परेचर मशीन, सेनेटाईजर व मास्क वितरण वजन मशीन जागरूकता संदेश के साथ ही निरन्तर अलग-अलग गांव में डाक्टर विजिट की संकल्पना को जमीन पर उतारने के साथ ही मा0 प्रधानमंत्री जी के विचार आपदा में अवसर को सही साबित किया है।



# कोविड महामारी में बाढ़ आपदा के दौरान रेता पार विधान सभा की जनता की सेवा में उपस्थित रहा।










• खड्डा विधान सभा क्षेत्र की जनता के प्रति अपना अटूट प्रेम अपनी जिमेदारिवो और जनसेवा और क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी जवाब देही के लिए समर्पित रहा

• दोहरी आपदा से जब खड्डा क्षेत्र रेता पार शिवपुर, मरचहवा, नरायनपुर, की देवतुल्य जनता परेशान थी समय से बंधा निरीक्षण व उसके दुरूशतीकरण के साथ बाढ़ प्रभावित लोगों को भी सहायता व सहयोग उपलब्ध कराया गया।

• जनता के बीच नाव से पहुंचकर खाद्य सामाग्री आदि का प्रबंधन कराया गया।

जनसेवा एक अभियान के तौर पर अनवरत जारी है।



# 74 वें स्वतंत्रता दिवस पर वर्चुअल प्रशिक्षण एवं घर-घर पर ध्वाजारोहण







• खड्डा विधान सभा क्षेत्र में विगत 5 वर्षो से लगातार स्वतंत्रता दिवस, एवं गणतंत्र दिवस पर होने वाले आदर्श आचार संहिता प्रशिक्षण का स्वरूप वर्चुअल तकनीक के माध्यम से किया गया। साथ ही खड्डा विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड व नौरंगिया मण्डल में प्रत्येक घर पर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रध्वज फहराकर धूम धाम से मनाया गया है।

• खड्डा विधान सभा क्षेत्र में घर-घर पर आयोजित किये गये इस आयोजन के लिए विधान सभा खड्डा इसको एक विशेष पहचान मिली शायद इस प्रकार से सरकारी कार्यक्रम बनते जा रहे है, सरकारी व विद्यालय से अलग हटकर जनता का सीधा जुडाव व आयोजन मे सहभागिता एक अभिनव प्रयास एवं लोगों के लिए एक उदाहरण है।

• इस आयोजन का अनवरत संचालन कराने के लिए खड्डा विधान सभा की देवतुल्य जनता दृढसंकल्पित हैं।





# कोविड 19 (लॉक डाउन) में प्रत्येक दिन वर्चुवल तकनीक से सम्बाद व समस्या का समाधान



- प्रत्येक दिन लाकडाउन प्रथम में रात्रि 8 से 9 व सुबह 10से 11 बजे तक लाइव रहकर कार्यकर्ता व सहयोगीयों के साथ संवाद किया l लाकडाउन के दुसरे चरण से आज तक प्रत्येक शनिवार व रविवार को सांय 8 से 09 बजे तक लाइव रहकर क्षेत्र की समस्या समाज की समस्या व जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य जारी है।
- खड्डा विधान सभा क्षेत्र मे तकनीकी उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सभी मण्डल, बूथ, सेक्टर तक प्रशिक्षण कराया गया।




- वैश्विक महामारी के संकट काल के दौरान जब लोगो के अंदर इस महामारी के प्रति जागरूकता व समझ का अभाव था उस दौरान अपने खड्डा विधान सभा क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस के साथ वर्चुअल मिटिंग, संवाद परामर्श व सुझाव/निर्देश का कार्य किया गया।
- इस प्रयास में सभी प्रमुख कार्यकताओ सहित जनमानस को भी जोडने का अवसर प्रदान किया गया लगभग 1000 लोगो ने तकनीकी से जुडकर संकट काल में जनसेवा कार्य किये।
- हमारे खड्डा विधान सभा क्षेत्र में अपने प्रतिनिधियों एवं मण्डल के सभी पदाधिकारीयों को तकनीकी तौर पर दक्ष बनाने के लिए परामर्श प्रशिक्षण व लोगो की सेवा कार्य हेतु प्रेरित करने का कार्य किया गया। प्रत्येक मण्डल से लगभग 100 लोग तकनीकी रूप से दक्ष हुए है कह सकते है कि डिजीटल खड्डा हुआ है।



- ध्वजारोहण तैयारी प्रशिक्षण व तैयारी के लिए सभी खड्डा क्षेत्र के आयोजन के साथ वैठक कर उचित परार्मश व सुझाव प्रदान किया गया। धीरे धीरे जागरूकता व सहयोंग की भावना से लोगो को प्रेरित करने का कार्य किया गया। अनवरत डिजिटल संवाद का उपयोग जारी है।



# मीडिया में भाजपा द्वारा किए गए राहत कार्यों का प्रसार

- *खड्डा विधान सभा में सेवा कार्य जैसे कोरोना योद्धाओ का सम्मान अधिकांश मीडिया कवरेज सभी प्रमुख अखबारों में प्रकाशित किया गया*

## जिसका कोई नही उसका तो ऊपर वाला है यारो



**स्वतंत्र प्रभात**

**खड्डा, कुशीनगर।** लॉकडाउन के चलते अलग-अलग प्रदेशों में फंसे प्रवासी मजदूर इस चिलचिलाती धूप में पैदल ही पलायन कर अपने घर लौट रहे हैं। कई मजदूर तो ऐसे भी हैं, जिनके पैरों में चप्पल भी नहीं है। वे नंगे पांव ही धूप में चल रहे हैं। ऐसे मजदूरों को राहत पहुंचाने के लिए खड्डा विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने पडरौना- पनियहवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रवासी मजदूरों को चरणपादुका और नाश्ते, पानी का प्रबंध कराया। खड्डा विधानसभा क्षेत्र से होकर पैदल ही नंगे पांव यात्रा कर बिहार व प्रदेश के विभिन्न जिलों में जा रहे मजदूरों को विधायक ने नाश्ता व चरणपादुका उपलब्ध करा साधन से उनके गंतव्य को भेजा। बृहस्पतिवार के दिन विधायक जटाशंकर त्रिपाठी क्षेत्र के भ्रमण पर निकले थे। इसी दौरान उनको पडरौना- पनियहवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सर पर बैग रखें नंगे पांव दर्जनों की संख्या मे मजदूर मार्ग के किनारे से जाते देख अपने गाड़ी को रूकवा उनके पास पहुंचे। मजदूरों के लिए नाश्ते व पानी का प्रबंध कराया। वहीं कुछ मजदूरों को नंगे पांव देख उनके लिए चरणपादुका मंगा कर उनके पैरों में पहना उन सभी मजदूरों को साधन के माध्यम से उनके गंतव्य के लिए भेजवाया। विधायक के इस पहल की चहुँओर प्रशंसा हो रही हैं। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि अंजनी शुक्ला,मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश तिवारी,शत्रुजीत शाही,संतोष तिवारी,हरिचंद्र उपाध्याय, राजू यादव, प्रिंस मद्धेशिया, राजेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।



मजदूर को चप्पल पहनाते विधायक जटाशंकर त्रिपाठी।

## नंगे पांव जा रहे श्रमिकों को विधायक ने पहनाई चप्पल

**पकड़ियार।** बृहस्पतिवार को खड्डा के विधायक जटाशंकर त्रिपाठी क्षेत्र के भ्रमण पर थे। इसी दौरान उनको पडरौना-पनियहवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिर पर बैग रखे नंगे पांव पैदल ही कई मजदूर जाते दिखे। गाड़ी रोककर विधायक उनके पास पहुंचे। मजदूरों के लिए नाश्ते व पानी का प्रबंध कराया। जिन मजदूरों के पैर में चप्पल नहीं थी, उनके लिए चप्पल मंगाई। इतना ही नहीं विधायक ने खुद अपने हाथ से मजदूर को चप्पल पहनाई। इसके बाद गाड़ी का प्रबंध कर सभी को बिहार बार्डर तक भेजा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि अंजनी शुक्ला, शत्रुजीत शाही, हरिचंद्र उपाध्याय, राजू यादव, प्रिंस मद्धेशिया, राजेश्वर सिंह, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश तिवारी, शैलेश यादव आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने घर पर चौपाल लगाकर जागरूक किया



गुरुवार को सोनबरसा में कोरोना से बचाव की जानकारी देते विधायक जटाशंकर त्रिपाठी।

**हनुमानगंज | हिन्दुस्तान संवाद**

खड्डा विकास खंड के गांव सोनबरसा में विधायक जटाशंकर त्रिपाठी गुरुवार की शाम प्रधान वशिष्ठ मणि त्रिपाठी के घर चौपाल लगा ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए उन्हें कोरोना से बचाव की विस्तृत जानकारी दी।

विधायक त्रिपाठी ने कहा कि कोरोना बीमारी से अपना बचाव करने की जरूरत है। कहीं से भी आने के बाद पहले अपने हाथ मुंह को साबुन से ठीक ढंग से धुले। इसके बाद ही कुछ खाएं। सार्वजनिक स्थलों पर हाथ से कुछ भी छूने से बचें। अगर सामान्य खांसी जुखाम हो तो डरने की जरूरत नहीं है। नजदीकी अस्पताल पर जाकर इलाज कराएं। अभी तक अपने क्षेत्र में कोई भी कोरोना का संदिग्ध रोगी नहीं मिला है। इस दौरान लोगों ने सोनबरसा, सोहरौना, सारंगछपरा व सिसवागोपाल आदि गांवों के सैकडों किसानों के हजारों एकड़ खेत पर 70 वर्षो से जल निकासी नहीं होने की वजह जलजमाव की समस्या विधायक त्रिपाठी के सामने रखी। इसको गंभीरता से लेते हुए उन्होंने जलनिकासी के लिए ड्रेन बनवाने का आश्वासन दिया।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, चन्द्रप्रकाश तिवारी, पूर्व प्रधान लालबहादुर, फेंकू, योगी चौहान, शेषनाथ, सलाउद्दीन, मुस्तफा मास्टर, बाबूलाल, सुखराज, जोखई, सुखल आदि मौजूद रहे।

**दैनिक स्वतंत्र प्रभात**

www.swatantraprabhat.com

## खड्डा विधायक हॉटस्पॉट गांव से हुए रूबरू



**स्वतंत्र प्रभात**

खड्डा, कुशीनगर ।खड्डा विकास खंड खड्डा के गाँव कटाई भरपुरवा में एक व्यक्ति को कोरोना पॉजिटिव मिलने पर गांव को सील कर हॉटस्पॉट घोषित कर दिया। मंगलवार को स्थानीय विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने गांव का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक त्रिपाठी ने जिलाधिकारी भूपेंद्र एस चौधरी,अपर जिलाधिकारी, तहसीलदार समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये ।विधायक ने अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि आम लोगों को राहत पहुचाने में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। तो वही विधायक ने लोगों से अपने घरों में ही रहने का निवेदन किया तथा सेनेटाइजर व मास्क आदि का वितरण किया ।विधायक ने अधिकारियों से गांव को सेनेटाइज करने का निर्देश दिया।



# मीडिया में भाजपा द्वारा किए गए राहत कार्यों का प्रसार

- *खड्डा विधान सभा में सेवा कार्य जैसे कोरोना योद्धाओ का सम्मान अधिकांश मीडिया कवरेज सभी प्रमुख अखबारों में प्रकाशित किया गया*

## गोदाम से निकाला 40 क्विंटल गेहूं धराया

**जासं, खड्डा, कुशीनगर:** कस्बा स्थित विपणन गोदाम से शुक्रवार की शाम एमडीएम के राशन के नाम पर ट्राली पर लाद 40 क्विंटल गेहूं ले जाने की जानकारी अस्थायी कर्मचारी को हुई तो शोर मचाया। घबरा कर ट्रैक्टर चालक ट्राली छोड़ फरार हो गया। कर्मचारी ने खुद ट्रैक्टर चलाकर गेंहू लदी ट्राली को थाने में पहुंचा दिया।



खड्डा कस्बा के विपणन गोदाम से गायब हुए गेहूं के बारे में (बाएं से) एसएमआइ विजय प्रकाश अग्रहरी, कर्मचारी अभिषेक पांडेय से जानकारी लेते (दाएं से) विधायक जटाशंकर त्रिपाठी, भाजपा नेता रामसहाय दूबे, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश तिवारी● जागरण

विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने गोदाम पर पहुंच मामले की जानकारी ली और डीएम भूपेन्द्र एस चौधरी से दूरभाष पर वार्ता की। थाने में जाकर गेहूं लदी ट्राली का जायजा लिया। कहा कि देश संकट से जूझ रहा है, सरकार गरीबों तक भोजन पहुंचाने में जुटी है। डीएम ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम गठित की है। एसएमआइ विजयप्रकाश अग्रहरि ने कहा है कि राशन एमडीएम का है।

Vodafone-Be Safe 4G 11:14 AM

JST7_38_ Santosh Tiwari_ Gadhi IC K... 06/04/20, 8:25 AM All Media

## विधायक जटाशंकर ने दिया एक करोड़

**खड्डा, कुशीनगर :** विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने अपनी निधि से उत्तर प्रदेश कोविड केयर फंड में एक करोड़ की संस्तुति की। मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार को रविवार को भेजे पत्र के माध्यम से विधायक ने कहा कि इस निधि से पांच लाख की संस्तुति पूर्व में भी की गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील पर वैश्विक महामारी कोविड 19 से उत्तर प्रदेश को उबारने के लिए अपनी निधि से 95 लाख और देने की संस्तुति करता हूं। कुल एक करोड़

## कर्नाटक से गोरखपुर पहुचे मजदूरों के साथ खड़े हुए खड्डा विधायक

स्वतंत्र प्रभात

खड्डा, कुशीनगर। प्रवासी मजदूरों का अलग अलग राज्यों से पलायन हो रहा है और इस पलायन की मार्मिक तस्वीरें भी लगातार सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही हैं। सोमवार को खड्डा क्षेत्र के दर्जनों मजदूर जो कर्नाटक से परिवहन विभाग के बस से गोरखपुर आए थे तथा गोरखपुर से पैदल ही अपने घर जा रहे थे। जब इसकी सूचना खड्डा विधायक जटाशंकर त्रिपाठी को मिली तो सकारात्मक पहल करते हुए भूख प्यास से तड़पते मजदूरों को भोजन करवाया और थर्मल स्क्रीनिंग कराते हुए बस द्वारा उनके घर भेजवाया। यही नहीं विधायक ने मजदूरों के लिए रास्ते में खाने-पीने का भी सभी इंतजाम किया।

बस से अपने घर पहुँचे क्षेत्र के नौतार जंगल व बोधिछापर निवासी मजदूर सूरज साहनी, मनीष साहनी, मनोज साहनी, पप्पू साहनी, छांगुर साहनी, अनिल साहनी, कृष्णा साहनी, गौरी साहनी, रोहित, पन्नेलाल साहनी, विजय साहनी, मार्कंडेय साहनी आदि ने मजदूरों की चेहरे पर खुशी झलक रही थी। मजदूरों ने कहा कि सरकारी बस से कर्नाटक से गोरखपुर तो आ गये थे। लेकिन गोरखपुर से सैकड़ो किलोमीटर दूर अपने घर जाने हेतु कोई संसाधन न होने पर एक मात्र पैदल ही चलकर घर जाने का विकल्प बचा था तभी



हम लोगों ने अपने विधायक जी को फोन किया। विधायक जी ने हम लोगों के पीड़ा को समझते हुए अपने निजी बस से घर पहुचाने की बात कही तो हम लोगों में खुशी लहर दौड़ उठी।

हम लोग आजीवन विधायक जी के आभारी रहेगे। हम लोगों को उम्मीद भी नहीं थी कि यहाँ से हम लोग बस से घर जायेंगे लेकिन विधायक जी ने हम लोगों की पीड़ा को समझते हुए अपने निजी बस से भोजन कराने के उपरांत राहत सामग्री देते हुए घर भेजवाया है।

## खड्डा विधायक ने कोविड केयर फंड में दिए एक करोड़

**हनुमानगंज।** खड्डा विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने रविवार को विधायक निधि से उत्तर प्रदेश कोविड केयर फंड में एक करोड़ रुपये देने की संस्तुति किया है। मुख्य विकास अधिकारी कुशीनगर को प्रेषित पत्र में विधायक त्रिपाठी ने कहा कि इस फंड में 5 लाख रुपये पहले ही देने की संस्तुति किया था। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील को दखते हुए और इस वैश्विक महामारी कोविड 19 से उत्तर प्रदेश को उबारने में सहयोग करते हुए अपने विधायक निधि से 95 लाख रुपये देने की संस्तुति करता हूं। इस धनराशि को मेरे विधायक निधि से कोविड केयर फंड में भेज दिया जाय। जिससे प्रदेश के साथ मेरा विधानसभा खड्डा भी लाभान्वित हो सके।

## विधायक ने कोरोना वायरस के संक्रमण एवं बचाव के लिए मांगा सहयोग

स्वतंत्र प्रभात

**खड्डा, कुशीनगर।** हनुमानगंज थाना परिसर में शनिवार को क्षेत्रीय विधायक जटाशंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश पाठक की देखरेख में धर्म गुरुओं व क्षेत्र के बुद्धजीवियों के साथ बैठक कर वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण एवं बचाव में सहयोग करने की अपील की गई।बैठक में सोशल डिस्टेसिंग का पालन किया गया। जिसमें विधायक व प्रभारी निरीक्षक ने उनसे गांव में जाकर अपने कौम के लोगों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए जागरूक करने की अपील की गई। साथ ही उन्होंने सभी कौमों के धर्म गुरुओं से कहा कि कोरोना से बचाव अति आवश्यक है। इस बीमारी से बचाव के लिए फिजिकल डिस्टेंसिंग आवश्यक है। साबुन से कम से कम दो मिनट बढ़िया से हाथ धोने के बाद ही आंख, नाक व मुंह को छुएं। साथ ही बच्चों को घर से बाहर बिल्कुल नहीं निकलने दें। इस दौरान मौलवियों से उन्होंने अपील किया कि सभी लोग अपने घरों में ही नमाज पढ़े। मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए कोई अपने घरों से नहीं निकले।आगामी 8 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच पड़ने वाले पर्व शब-ए-बारात पर कोई भी घरों से नहीं निकले। किसी जगह भी आने-जाने की किसी को अनुमति नहीं होगी। सभी लाकडाउन का कड़ाई से पालन करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख खड्डा जिलाजीत यादव, एसआई महेंद्र चौधरी, एसआई शाहनवाज अहमद, एकरामूल हक, रमेश यादव, जगमोहन कुशवाहा, दीपराज कुशवाहा, मौलाना सफीउल्लाह, आबिद अली, रामचंद्र गुप्ता, मौलवी बैतुल्लाह, तजमुल हुसैन आदि उपस्तिथ रहे।








# मीडिया में भाजपा द्वारा किए गए राहत कार्यों का प्रसार

- *खड्डा विधान सभा में सेवा कार्य जैसे कोरोना योद्धाओ का सम्मान अधिकांश मीडिया कवरेज सभी प्रमुख अखबारों में प्रकाशित किया गया*

### जटाशंकर त्रिपाठी ने कोरोना जागरूकता मोबाइल क्लिनिक को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर/खड्डा,उप्र। विधायक खड्डा जटाशंकर त्रिपाठी द्वारा एक अनूठी पहल करते हुए सर्किट हाउस रविंद्र नगर से खड्डा विधानसभा तक कोरोना जागरूकता मोबाइल क्लीनिक वैन शुभारम्भ किया गया भाजपा जिलाध्यक्ष कुशीनगर प्रेमचंद्र मिश्र द्वारा कोरोना जागरूकता मोबाइल क्लीनिक वैन को हरी झंडी दिखा कर खड्डा विधानसभा के लिए रवाना किया गया।

उक्त वैन सेनेटाइजर,फेस मास्क, थर्मल स्क्रीनिंग व बीपी आदि मेडिकल सुविधाओं से पूर्ण विभिन्न सेक्टरों से होते हुए बूथों तक जायेंगी और आमजन को कोरोना से बचाव के प्रति जागरूक करेगी और लोगों की थर्मल स्क्रीनिंग कर जांच करते हुए फेस मास्क व सेनेटाइजर की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी।

इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष जेपी शाही ,जिलाउपाध्यक्ष ,उपाध्यक्ष बीज विकास निगम दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राजेश्वर सिंह,विवेकानंद पांडेय व सीता सिंह अंशु ,मार्कंडेय शाही,शत्रुजीत शाही, अंजनी शुक्ला ,चंद्र प्रकाश तिवारी,अंशुमान बंका, भीखम प्रसाद, विश्व रंजन अशोक यादव, सुनील पांडेय अखिलेश उपाध्याय ,राम प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहें।

### कोरोना योद्धा हुए सम्मानित

खड्डा,कुशीनगर। विधायक जटाशंकर त्रिपाठी के प्रतिनिधि अंजनी शुक्ला ने बुधवार को खड्डा व नेबुआं नौरंगिया क्षेत्र के कई स्थानों पर कोरोना योद्धाओं को लाक डाउन के दौरान सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र, मास्क, सेनेटाइजर आदि देकर सम्मानित किया गया।

विधायक प्रतिनिधि अंजनी शुक्ला ने वरवारतनपुर बैंक के कर्मचारियों, पड़री मेहदिया के बैंक आफ बडौदा के कर्मियों तथा कोटवां बाजार के सीएचसी पर प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्तिपत्र, मास्क, गलब्स, सेनिटाइजर देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा में जुटे बैंक के अधिकारी, कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों,पुलिसकर्मियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा

अमर उजाला

### गांवों में पहुंचा जागरूकता रथ

पकड़ियार बाजार। जागरूकता रथ शुक्रवार को नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के पकड़ियार, मड़ार बिंदवलिया, कुर्मी पट्टी, सौरहा बुजुर्ग, चरिघरवा, खैरटिया, पचफेड़ा, खानुछपरा आदि गांवों में पहुंचा। कोरोना से बचाव के लिए जागरूक किया गया। साथ चल रहे लोगों ने थर्मल स्क्रीनिंग के साथ सैनिटाइजर एवं मास्क बांटे। विधायक प्रतिनिधि अंजनी शुक्ला ने बताया कि यह रथ विधायक जटाशंकर त्रिपाठी के प्रयास पर चलाया जा रहा है। इस दौरान रोहन गुप्ता, पारसनाथ, ग्राम प्रधान अनिल सिंह, विश्राम कुशवाहा, नागेंद्र मोहन मौजूद थे।

### कोरोना मोबाइल क्लीनिक वैन रवाना हुई

पडरौना | निज संवाददाता

कुशीनगर लोकसभा के खड्डा विधानसभा क्षेत्र के लिए विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने कोरोना जागरूकता मोबाइल क्लीनिक वैन की सौगात दी है। दवाओं से लैस आधुनिक साज-सज्जा युक्त इन दो वाहनों को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्र व विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर लोगों की सुविधा के लिए रवाना किया।

विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने एक अनूठी पहल करते हुए यह सुविधा अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध कराई है। जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस से खड्डा विधानसभा तक यह कोरोना मोबाइल क्लीनिक वैन शुभारम्भ किया गया। इन वाहनों में सेनिटाइजर, फेस मास्क, थर्मल स्क्रीनिंग व बीपी आदि मेडिकल सुविधा उपलब्ध है। यह खड्डा विधानसभा के विभिन्न सेक्टरों से होते हुए बूथों तक जायेंगी। पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाही, विवेकानंद पांडेय, सीता सिंह, मार्कण्डेय, शत्रुजीत, चंद्रप्रकाश, अंशुमान, भीखम , विश्वरंजन, अशोक , सुनील, अखिलेश उपाध्याय, राम प्रताप सिंह, सूर्यांश , राणा प्रताप राय आदि मौजूद रहे।



गुरुवार को जिला मुख्यालय से खड्डा विधानसभा क्षेत्र के लिए कोरोना मोबाइल क्लीनिक वैन को रवाना करते भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्र व खड्डा विधायक जटाशंकर त्रिपाठी। • हिन्दुस्तान

### कोविद-19 जागरूकता वैन से बांटी जा रही सुरक्षा सामग्री

स्वतंत्र प्रभात

खड्डा, कुशीनगर ।नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के विभिन्न गावों मे पहुंची स्थानीय विधायक जटाशंकर त्रिपाठी द्वारा चलायी गई कोविड-19 जागरूकता वाहन से लोगों को जागरूक व थर्मल स्क्रीनिंग करने के साथ सेनिटाइजर व फेसमास्क वितरित किया गया। शुक्रवार के दिन क्षेत्र के पकड़ियार, मडार विंदवलिया, कुर्मीपट्टी, सौरहा बुजुर्ग, चरिघरवा, खैरटिया ,पचफेड़ा, खानुछपरा



गांव में पहुची कोविड19 जागरूकता वैन से लोगों को बीमारी से बचने के लिए तरिकों को बताया गया ।गाड़ी के साथ चल रहे विधायक प्रतिनिधि अंजनी शुक्ला ने बताया की यह वैन दवाओं और मास्क,सेनिटाइजर से लैस हैं ।गावों मे लोगो को जनरल दवाई घर तक पहुचाने व इस महामारी से बचाने के लिए यह रथ चलाया जा रहा है जो विधानसभा के हर बूथ यानी हर गांव में पहुचेगी ।जागरूकता से ही इस पर नियंत्रण सम्भव है ।लोगों को वैन में मौजूद लैब टैक्नीशियन के द्वारा थर्मल स्क्रीनिंग भी किया जा रहा है ।इस दौरान रोहन गुप्ता, पारसनाथ, ग्राम प्रधान अनि... सिंह, विश्राम कुशवाहा, नागेंद्र मोहन आदि मौ...



# राहत कार्यों के प्रति जनता की प्रतिक्रिया







*खड्डा विधान सभा में कोविड 19 महामारी काल में किये गयें सेवा कार्य कें सन्दर्भ में क्षेत्रीय जनमानस की प्रतिक्रिया खड्डा विधान सभा क्षेत्र के विधायक जटाशंकर त्रिपाठी द्वारा किये गये राहत कार्य की जनता के द्वारा काफी सराहना की गई है । जन समुदाय में यह चर्चा है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी , माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज द्वारा समय पर निर्णय लेकर प्रदेश व देश की जनता को वैश्विक महामारी से बचा लिया है ।*

*इसके साथ ही विधायक जटाशंकर त्रिपाठी जी अपने क्षेत्र की जनता की सेवा में निरंतर 24 घण्टे शोसल मिडीया के माध्यम से जनता के बीच उपलब्ध रहें।*

*इस सेवा कार्य से पार्टी का जनता की अंदर विश्वास बढ़ा है । जटाशंकर त्रिपाठी जी हमारे विधायक है यह हम सभी का सौभाग्य है कोविड 19 महामारी मे क्षेत्र की जनता की सेवा के साथ सभी जरूरतमंदो की सहायता करने के साथ ही लोगो को सेनीटाईजर मास्क चप्पल लंचपैकेट पानी आदि के साथ ही अन्य प्रकार से भी समय-समय पर निरिक्षण व लोगो के बीच उपस्थित होकर जनसेवा का कार्य किया है। यहा तक की रात्रि दो बजे खड्डा के प्रवासी मजदूर के आगमन का प्रबंध कराया है।*

*भरतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में जो सेवा कार्य चल रहा है। इसके साथ ही विगत समय में भी कोविड 19 प्रभाववित क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के एक निष्ठावान सिपाही के रूप मे माननीय जटाशंकर त्रिपाठी जी के द्वारा खड्डा विधान सभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया गया है ।*

*खड्डा नगर में अपने धर पहूचकर यह देखा की भारतीय जनता पार्टी व मा0 विधायक जी व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वहुत ही सराहनीय कार्य किया।*



# कार्यकर्ताओं के अनुभव









कोविड 19 देश और दुनिया के साथ खड्डा विधान सभा क्षेत्र के लाखो परिवार के लिए भी बडा संकट लेकर उनके जिवन में कदम रखा। परन्तु जागरूकता, सक्रियता सहयोग की भावना से 24 घण्टे जटाशंकर त्रिपाठी व भाजपा के नेता प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जगत प्रसाद नड्डा जी , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी, प्रदेश अध्यक्ष माननीय स्वतंत्र देव सिंह जी के द्वारा समय-समय पर दिशा निर्देश के बाद कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य प्रारंभ किया जरूरतमंदों को भोजन, फेसकवर देने का कार्य, पानी देने का कार्य, समाज के विभिन्न संगठनोंध्वर्गों द्वारा इस कार्य की प्रशंसा की गई। समाज से यह आवाज निकालना प्रारंभ हुआ कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां संगठन के साथ ही साथ जनता की विपदा में भी सराहनीय सहयोग करती है। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बड़ा। यह महसूस हुआ की सेवा के माध्यम से हम जनता का दिल जीत सकते हैं।

विधायक मा0 जटाशंकर त्रिपाठी जी निरंतर उपस्थित रहे है। जो जनमानस को मजबूती प्रदान करने का कार्य की है। जटाशंकर त्रिपाठी का सेवा कार्य मुसहर समुदाय निराश्रित जरूरतमंद परिवार को ऐसा विधायक पाना सौभाग्य की बात है।
हम चाहेगे की जटाशंकर त्रिपाठी जैसा विधायक जैसा ही सेवा भावना सभी जनप्रतिनिधियों के अतकरण में उत्पन्न हो। जिससे हम बडे से बडे संकट का सामना धैर्य से दूर कर सकते है।



# सारांश

*खड्डा विधान सभा क्षेत्र कुशीनगर में भाजपा कार्यकताओं व अपने सहयोगीयों के साथ कोविड-19 महामारी में किये गये कार्यो से देवतुल्य जनता को बड़ी राहत हुई है । इस कार्य से जरूरतमंदों को समय से भोजन, पानी, मास्क/फेसकवर मिला है, वही कुशीनगर में फसे अन्य प्रदेश के लोगों की भी कार्यकर्ताओं ने भोजन आदि की चिंता की है । अन्य प्रदेशों में फंसे प्रवासी मजदूरो को अपने प्रदेश में बुलाना भी चर्चा का विषय बना रहा ।*

*पार्टी के सेवा व राहत कार्यो से जनता में सौहार्द का माहौल बना है ।*

*सपा , बसपा, कांग्रेस से भरोसा समाप्त हुवा है । इससे भाजपा कार्यकर्ताओ की विश्वसनीयता बढ़ी है । जनता के विश्वास हेतु सेवा कार्य को आवश्यक बनाया जाए, साथ ही साथ मजदूरों की चिंता किया जाये खड्डा विधान सभा ३२९ के सभी जरूरतमंदों को भोजन, राशन, पानी, मास्क आदि मिला है । सेवा व राहत कार्यो से जनता का कोरोना के प्रति सतर्कता बढ़ी है और भय घटा है । भाजपा ने कोरोना संकट को अवसर में बदल कर आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में पहल प्रारंभ किया है ।*

*हमें विश्वास की हम जनमानस के सहयोग से कोरोना जंग जीतेंगे ।*



खड्डा विधान सभा क्षेत्र जनपद कुशीनगर की देवतुल्य जनमानस की सेवा कार्य का अवसर पाना मेरे लिए गौरव और सम्मान की बात है।

सदैव आपकी सेवा मे समर्पित.........

# धन्यवाद

## जटाशंकर त्रिपाठी

विधायक, भाजपा, 329-खड्डा, कुशीनगर

सदस्य-सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति,

उ० प्र० सरकार

Mob-9838704111 | Email ID-Jst.bjp@gmail.com|Fb- www.facebook.com/jstripathimlakhadda
Twitter- @bjpmlajata | Instagram- mla_khadda| Website- www.jatashanker.com,www.jatashanker.in